View metadata, citation and similar papers at core.ac.uk
brought to you by CORE
provided by CMFRI Digital Repository

ISSN: 0972 - 2351

मत्स्यगंधा
2003

मात्स्यिकी और जीविकोपार्जन

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
कोचीन - 682018

भाकृ अनुप
ICAR

मछलीमार - लक्षद्वीपवासियों के जीविकोपार्जन का आधार

ए.के.वी. नासर
सी एम एफ आर आइ का विशाखपट्टणम क्षेत्रीय केंद्र, विशाखपट्टणम

लैगूणों और नीली महा समुद्रों से घेरे लक्षद्वीप, अचरज की बात नहीं है कि मछलीमार यहाँ की जनता के जीविकोपार्जन का मार्ग बन गया। मछली पकडने के लिए कई तरीके इनके पास हैं ट्यूना पकड केलिए लंबी-डोरों का प्रयोग यहाँ सामान्य था, आज कल गिल जालों, काँटा डोरों और ट्राल जालों का परिचालन भी होता है। ट्यूना और अन्य लैगून मछली उनके आहार का अविभाज्य घटक है। मछली मार में पूरे परिवार या परिवारों के समूह लगे रहते हैं। मास मीन जो कि ट्यूना से बनाया विशेष उत्पाद है की तैयारी और विपणन आजकल जीविकोपार्जन का मुख्य मार्ग बन गया है। आखेट के बाद पुलिनों में ट्यूना मछलियाँ पहूँचने पर लडके उन्हें काटकर क्लोम और आहरनली निकालते है। समुद्र की पानी में अच्छी तरह धोकर महिलाएं अलूमिनियम के पात्रों में भरके घर पहूँचाती हैं। प्रत्येक घर में मास मीन तैयार करने का स्थान है। मछली का टुकडों (कतरो) में काटकर 3:1 शुद्धजल/समुद्रीजल के अनुपात में भरके उबालते हैं।

उबाले गए टुकडों को झिरी हुई लकडी काष्ठों में रखकर धूमायन करते हैं। 24 घंटों तक यह घर की बुजुर्ग महिलाओं का काम है। धुमायित टुकडे फिर धूप में 2 से 3 हफ्ते सुखाते हैं। उत्पाद का गुण व स्वाद तैयारी में दिए जानेवाले ध्यान के अनुसार होता है।

युवक मत्स्यन केलिए जाने पर बुजुर्ग पुरुष जालों की मर्मत, चारा मछली टोकरी निर्माण आदि कार्यों में योगदान देते हैं। लक्षद्वीप में मत्स्यन जीविकोपार्जन का एक संयोजित प्रयास है। लक्षद्वीप के उत्तर भागों में जीविकोपार्जन का मुख्य कार्य मत्स्यन ही है। मिनिकॉय जैसे द्वीपों के युवक आजकल विदेशी पोतों में काम कर रहे हैं अच्छे मत्स्यन मौसमों में लोग जीवन मनाते हैं। शिक्षा छोडकर लडके अपने बडों के साथ मत्स्यन केलिए जाते हैं। मौसम अच्छे होने पर पोतों में जानेवाले अच्छी मजदूरी भी पाते हैं।

मिनिकॉय के लोग काम को आदर के साथ देखते हैं। मछली और मत्स्यन उपकरणों से ये आदर पूर्व बर्ताव करते हैं। प्रतिकूल मौसम में ये यान और उपकरणों का मरम्मत करते हैं। नए नॉव बनाना एक संयोजित प्रयास है। आयु वर्गों के अनुसार काम बाँटा जाता है। उदाहरण केलिए बुजुर्ग मिलकर नावों की रूपकल्पना करते हैं, 40-50 वर्षों के आयुवर्ग पैसों का संभरण करते हैं, 30-40 वर्षों के आयु वर्ग निर्माण कार्य करते हैं; नौजवान उमकी सहायता करते हैं ताकि वे यह निर्माण कला सीख सके। बुजुर्ग काम का निगरानी करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश देते है और महिलाएं खान-पान के प्रबंध करने का प्रत्येक परिवार के पास अत्यावश्यक उपकरण होंगे, बडे निवेशवाला उपकरण नाव मालिक दे देंगे। नए नाँवों का जलावतरण त्योहार-समान मनाया जाता है जिस में सारे द्वीपवासी भाग लेते हैं।

मिनिकॉय के मत्स्यन प्रणालियाँ अनुभव पर आधारित है। बुजुर्ग लोग गिल नेट मत्स्यन के खिलाफ़ है क्यों कि इस से छोटी मछलियाँ जो कि बडे ट्यूना मछलियों का आहार है के नाश से ट्यूनाएं कम हो जाने की आशंका है। वैसे तटीय प्रवालों और शैवालों की हानि होनेवाली मत्स्यन रीतियाँ भी ये मना करते हैं। मत्स्यन स्थानों और मौसमों का पहचान बुजुर्गों के सलाह के अनुसार होता है। प्रवालों को पार करके लैगून में प्रवेश करने का जो संचार नाली हैं, की सफाई जो *निरमागु नालग* से जाना जाता है सब लोग मिलके करते हैं। सफाई गोताखोरी से मरे प्रवालों को संचार नालियों से निकालके दो

पत्रव्यवहार : डॉ. ए. के. वी नासर, वरिष्ठ वैज्ञानिक, विशाखपट्टनम रीजियनल सेन्टर आफ़ सी एम एफ आर आइ, विशाखपट्टनम - 530003.

तीन घंटों में पूरा किया जाता है।

मत्स्यन व मत्स्य पर समुद्र-द्वीपवासियों के बीच कई लोक कथाएं प्रचलित है। जीवन की आचरण रीतियाँ जैसे मान-मर्यादा, सत्य-निष्ठा, वैभव-संपत्ति आदि से जुडे पाठ और जल व वायु के प्रकीर्तन से जुडे आलाप आदि इन लोक कथाओं को आकर्षक बनाती है। ट्यूना पकड बढाने केलिए उन्नीस सौ चालीस के दशकों में कई धार्मिक आचरण भी हुए थे। आज कल संपदाएं जैसे डॉल्फिनें और समुद्री कच्छपों के परिरक्षण पर ये बोधवान हैं। इस प्रकार परंपराओं से अर्जित जीविकोपार्जन और उन जानकारियों को आत्मसात करने पर मिलनेवाले ऊर्जा से संतुष्ट एक जनतति, प्रवालों में बहने वाले पानी के समान स्वच्छ मानसों के मालिक इनको प्रकृति सिर्फ जीविकोपार्जन का मार्ग नहीं बल्कि जनार्दन है।

ट्यूना मछलियों से कतरों की तैयारी

अगत्ती में पकाए कतरों को धूप में सुखाकर मास तैयार करने का दृश्य

Keywords - मुख्य शब्द

मछलीमार - fishing
आखेट - fishing
क्लोम - gills
कतरा - fillet
धूमायन - smoking
गोताखोरी - diving